-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 26.11.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **संविधान दिवस के अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा पुलिस लाइन में पुलिसकर्मियों को संविधान के आदर्शों का पालन करने व राष्ट्र की एकता और अखण्डता को अक्षुण्ण बनाए रखने की दिलाई गई शपथ। साथ ही जनपद के समस्त थानों में भी पुलिसकर्मियों को दिलाई गई शपथ।**

विवरण- आज दिनांक 26.11.2026 को संविधान दिवस के अवसर पर जनपद में पुलिस कर्मियों को संविधान के आदर्शों का पालन करने तथा देश की एकता और अखण्डता को बनाये रखने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज द्वारा पुलिस लाइन में पुलिसकर्मियों को मौलिक कर्तव्यों की जानकारी देकर संविधान में निहित मूल्यों, आदर्शों एवं उद्देशिका का स्मरण कराते हुये राष्ट्र की एकता व अखण्डता बनाये रखने की शपथ दिलाई गयी। इसी क्रम में पुलिस कार्यालय सहित जनपद के समस्त थानों पर थाना प्रभारियों द्वारा थानों में नियुक्त पुलिसकर्मियों को राष्ट्र की एकता व अखण्डता बनाये रखने की शपथ दिलाई गयी।

संविधान दिवस ?- बता दें कि संविधान निर्माताओं के अथक परिश्रम के फलस्वरुप 26 नवम्बर 1949 को अंगीकृत किया गया था। भारत सरकार द्वारा वर्ष 2015 में संविधान निर्माता डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की 125वीं जयंती पर संविधान दिवस मनाये जाने की घोषणा की तब से प्रतिवर्ष 26 नवम्बर को संविधान दिवस के रुप में मनाया जाता है। संविधान दिवस का उदेश्य लोगों को संविधान की उद्देशिका, इसके मौलिक अधिकारों और इसके द्वारा दी गई जिम्मेदारियों के प्रति जागरुक करना है। इस दिन लोगों को संविधान के मूल्यों एवं आदर्शों का पालन करने व राष्ट्र की एकता व अखण्डता को अक्षुण्ण बनाये रखने की शपथ दिलाई जाती है।